पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले नार्वे के राजदूत</u>

लखनऊः 7 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज भारत में नार्वे के राजदूत श्री नील्स राजनार कामसवॉग ने भेंट की तथा उत्तर प्रदेश के विकास में सहयोग करने की दृष्टि से चर्चा भी की।

राज्यपाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है, लगभग हर जिला किसी न किसी उत्पाद के लिये विख्यात है। उत्तर प्रदेश में विकास हो रहा है तथा अवस्थापना संबंधी विकास का भी काफी काम हो रहा है। कृषि एवं कृषि के क्षेत्र से जुडे अन्य व्यवसायों में अनेक सम्भावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के आधार पर नये उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं।

नार्वे के राजदूत श्री नील्स राजनार कामसवॉग ने बताया कि नार्वे ने छोटा देश होने के बावजूद पेट्रोलियम और ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आधुनिकीकरण से उत्पादन में वृद्धि हो सकती है।

राज्यपाल को नार्वे के राजदूत श्री नील्स राजनार कामसवॉग ने पुस्तक **Norway Past / Present / Furture** भेंट की तथा राज्यपाल ने उन्हें **Birds of Rajbhavan** की प्रति भेंट की।

अंजुम/ललित/राजभवन (201/4)